संलग्नक-1

प्रेषकः— नानक चन्द लोहिया (सचिव)
भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी
(भारत के चुनाव आयोग से पंजीकृत)
आर्य समाज मार्ग, हल्द्वानी—263139

पत्र सं0 2129/हिन्दी

दिनांकः— 9-3-2019

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी जी,
कार्यालय चीफ इलेक्शन आफीसर, उ0ख0
सचिवालय परिसर, प्रशासनिक विश्वकर्मा भवन,
सुभाष रोड, देहरादून।

विषयः— **सूचना का अधिकार 2005 (धारा—4) की सूचना के लिए आवेदन।**

1— आपकी विज्ञापन सूचना हिन्दी हिन्दुस्तान दिनांक 6-3-19 अंग्रेजी में।

2— उत्तराखण्ड सरकार गजट सूचना—25/XXXVI(3) 2010/85(1) 2009 दिनांक 07.01.2010 राजभाषा हिन्दी प्रयोग की विहित सूचना एवं केन्द्र सरकार का "क" क्षेत्र हेतु शासनादेश। 3- लोक प्राधिकारी द्वारा सूचनाओं का स्वैच्छिक प्रकटन - (Proactive Disclosure) 17 मैनुअल धारा-4।

सम्मानित महोदय,

नियमानुसार आपके कार्यालय द्वारा हिन्दी के समाचार पत्र में विज्ञापन सूचना हिन्दी में ही देनी है किन्तु इसकी पालना नहीं की जा रही है। इस सम्बन्ध में निम्न सूचना देने की कृपा करें—

1. उपरोक्त गजट विहित सूचना का अभिलेख रूप आपके द्वारा किस दिनांक को किया गया है क्रमांक सहित।
2. विज्ञापन आदेश पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का नाम, पद एवं कार्यालय प्रशासकीय प्रधान का नाम पद।
3. विज्ञापन पर व्यय धनराशि/अनुमानित ऐसे गत वर्ष किये भुगतान का ब्यौरा।
4. विभागीय अपीलीय अधिकारी का नाम, पद तथा पता।
5. आपके कार्यालय में उस स्थान का विवरण, जहाँ धारा-4की स्वतः देय सूचना-पट लगा हो।

**विकल्प—'भविष्य में हिन्दी प्रयोग सम्बन्धी शासनादेशों का कड़ाई से पालन करने का कार्यालय आदेश कर प्रतिलिपि मुझे भेज दें। क्रमांक 1 से 5 तक की सूचना इसे ही हम मान लेंगे।'**

यह आवेदन पत्र पूर्व में भाषा विभाग को शुल्क अदा कर प्राप्त हिन्दी प्रयोग सूचना की अवमानना और धारा—4 की 'सूओमोटो'—स्वः प्रकाशित सूचना का है जिसके लिए आवेदन करना भी आवश्यक नहीं है अतः पुनः शुल्क देय नहीं है।

भवदीय

(नानक चन्द लोहिया)

ज्ञान के रूप में अंग्रेजी भाषा के हम विरोधी नहीं, किन्तु जन सूचना अपनी भाषा में न दिये जाने से विशाल हिन्दी भाषी जनता की भावनाएँ आहत होती हैं और देश की एकता को हानि पहुंचती है।

स्व प्रमाणित

